# CLASS-III

## पाठ-बहादुर बित्तो

**प्रश्नोंतरी:-**

1) एक दिन किसान ने अपनी पत्नी बित्तो से क्या कहा ?

उत्तर- किसान ने कहा कि जब वह सुबह हल जोत रहा था तब वहाँ एक शेर आया और खाने के लिए उसकी बैल मांगने लगा |

2) बित्तो को गुस्सा क्यों आया ?

उत्तर- बित्तो को गुस्सा इसलिए आया क्योंकि किसान बैल की जगह घर की गाय शेर को खिलाने चला था |

3) बित्तो ने शेर को भागने की क्या तरकीब सोची ?

उत्तर- बित्तो ने सिर पर एक बड़ा सा पगड़ बाँधा, हाथ में दराँती ली और घोड़े पर सवार राक्षसी बन शेर को डराने चल दी |

4) बित्तो ने शेर को डराने के लिए क्या कहा ?

उत्तर- बित्तो ने शेर को डराने के लिए यह कहा कि वह रोज सुबह नाश्ते में चार शेर को खाती हैं |

5) भेड़िए ने शेर को क्या बताया ?

उत्तर- भेड़िए ने शेर को यह बताया कि वह कोई राक्षसी नहीं बल्कि बित्तो है |

6) शेर कौन-सी शर्त पर भेड़िए के साथ जाने को तैयार हुआ ?

उत्तर- शेर तभी किसान के खेत में जायेगा जब वह अपनी पूँछ भेड़िए की पूँछ के साथ बांध लेगा |

7) दूसरी बार बित्तो ने क्या कहकर शेर को डराया ?

उत्तर- दूसरी बार बित्तो ने यह कहकर शेर को डराया कि “ऐे! भेड़िए तूने तो कहा था कि तू चार शेर को अपनी पूँछ से बांध कर ला रहा है, लेकिन यह तो एक ही है और वह भी मरियल सा, कोई बात नहीं इस एक शेर से ही काम चलाना पड़ेगा |”

8) शेर ने भेड़िए के बारे में क्या सोचा ?

उत्तर- शेर ने भेड़िए के बारे में यह सोचा कि भेड़िए ने उसे धोखा दिया है |

<u>**गृह-कार्य**</u>:-

प्रश्न- आप शेर को भगाने की कोई और दूसरा तरकीब सोचो ?